



### एक नजर में

## कॉलेज चलो अभियान के तहत किया संवाद

**बैतूल।** शासन के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज द्वारा कॉलेज चलो अभियान के प्रथम चरण में अभियान दल द्वारा प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में लगभग 30 शासकीय और अशासकीय हायर सेकंडरी स्कूलों में पहुंचकर कक्षा 12वी के लगभग 1 हजार विद्यार्थियों के साथ संवाद किया गया।इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से भी अभियान का प्रचार प्रसार किया गया। प्रथम चरण के अंतिम दौर में पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बैतूल और संजीवनी स्कूल का भ्रमण किया गया। अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं यथा- ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, विषय चयन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं, कौशल विकास पाठ्यक्रमों तथा शासन की विभिन्न छात्र हितकारी योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। ज्ञातव्य हो कि जिले के अग्रणी महाविद्यालय जेएच कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय में कुल 26 विषयों में अध्यापन सुविधा उपलब्ध है। पारंपरिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग के ई-प्रवेश पोर्टल पर पंजीयन प्रक्रिया सम्पन्न होती है, वहीं दूसरी ओर एआईसीटीई द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों बीबीए और बीसीए में प्रवेश हेतु तकनीकी शिक्षा संचलनालय के पोर्टल के माध्यम से प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया सम्पन्न होती है। शासन द्वारा पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति, प्रतिभा किरण, गांव की बेटी योजना, मुख्यमंत्री संबल योजना, आवास योजना, मुख्यमंत्री मेधावी योजना इत्यादि के माध्यम से प्रतिभावान और आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए छात्र हितकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इसके अलावा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप शासन द्वारा उत्कृष्ट शिक्षण सुविधाओं के साथ महाविद्यालयों में अधोसंरचनात्मक सुधार पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है । अभियान के अंतर्गत अभियान दल द्वारा विद्यार्थियों के साथ प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर अगले चरण में आवश्यक परिवर्तन के लिए फीडबैक भी प्राप्त किया किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मीनक्षी चौबे ने अभियान दल द्वारा प्रथम चरण प्रभावी रूप से आयोजित करने के लिए संयोजक प्रो राकेश कुमार पवार और उनके दल सदस्यों- प्रो दुर्गेश राने, प्रो मनेश मानेकर, प्रो संतोष पवार, डॉ. महेंद्र नावंगे, डॉ शारदा द्विवेदी, प्रो हितेश जैन, प्रो राज वाघमारे, डॉ. कंचन गुजरे, डॉ निहारिका भावसर, कीर्ति वराठे को बधाई देते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे प्रवेश पूर्व विद्यार्थियों को परिसर विजिट जरूर कराएं और महाविद्यालय में स्थापित हेल्प सेंटर के माध्यम से आवश्यक मार्गदर्शन प्राप्त करें।

## बच्चों को लेने घर-घर जा रहे शिक्षक

**बैतूल।** स्कूल समय को छोडकर सुबह-शाम अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पाठ्यक्रम का रिवीजन व अद्धवार्षिक परीक्षा कमजोर शैक्षणिक गतिविधि वाले छात्र-छात्राओं को चिहिंत कर अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रहीं है। जिससे की आगामी बोर्ड परीक्षा के परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत लाया जा सके। परन्तु कक्षाओं में बच्चों की उपस्थिति कमजोर होते जा रही है। जिसके कारण ढोड़वाड़ा स्कूल के शिक्षक ग्राम बाबई, सेलगांव, सावंग व ढोंड़वाड़ा में विद्यार्थियों और पालकों को समझाइश देकर अतिरिक्त कक्षाओं उपस्थित होने का आव्हान कर रहें हैं।

# प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से करें निराकरण : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 6 जनवरी. बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याएं गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुनीं।**

**जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं**

**अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश**

जनसुनवाई के दौरान राजस्व, पेंशन, आवास, बिजली, पानी, भूमि विवाद सहित अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। इस दौरान कलेक्टर ने कई प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर मौके पर ही निराकरण कराया, वहीं शेष मामलों में समय-सीमा तय करते हुए अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। जनसुनवाई में बैतूल मुख्यालय के टिकारी निवासी रोशनी कुंभारे ने सीमांकन के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित पटवारी को तत्काल सीमांकन करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने कहा कि जनसुनवाई आम नागरिकों को राहत देने का प्रभावी माध्यम है। संबंधित विभागीय अधिकारी प्राप्त प्रत्येक आवेदन का गंभीरता से परीक्षण कर समय पर समाधान सुनिश्चित करें। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में कुल 101 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर विभागीय जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। प्राप्त



आवेदन पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डीईओ को टीसी दिलाने के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम लाखापुर निवासी नंदकिशोर खाचरे ने आवेदन के माध्यम से अंश के अनुसार बटवारा आदेश नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही के इंदिरा गांधी वार्ड निवासी कृष्णा बघेल ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए।

### अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम आमला निवासी आवेदक ने भूमि का कब्जा दिलाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने भैंसदेही एसडीएम को तत्काल अतिक्रमण हटाकर कब्जा दिलाने के निर्देश दिए। बैतूल के लोहिया वार्ड निवासी उदय चौधरी ने आवेदन के माध्यम से स्कूल प्रिंसिपल द्वारा टीसी नहीं दिए जाने की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के डीईओ को टीसी दिलाने के निर्देश दिए। मुलताई तहसील के ग्राम लाखापुर निवासी नंदकिशोर खाचरे ने आवेदन के माध्यम से अंश के अनुसार बटवारा आदेश नहीं किए जाने की शिकायत की। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीओ को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम चोरनी निवासी दिनेश धुर्वे ने अनावेदको के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने नायब तहसीलदार को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए।

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने के दिए निर्देश

जनसुनवाई में ग्राम चिखलीखुर्द निवासी कमलेश उबनारे ने शासकीय भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को रोकने और कार्रवाई किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने मुलताई के संबंधित अधिकारी को प्रकरण की जांच कर निराकरण के निर्देश दिए। भैंसदेही के इंदिरा गांधी वार्ड निवासी कृष्णा बघेल ने जन्म प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवेदन दिया। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को जन्म प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। ग्राम बासनेरकला निवासी शशिकांत धाडसे ने सोसायटी के ऋण में छूट मिलने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम जसोंदी निवासी अभिनय ने खेत के नक्शे को सुधारने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित राजस्व अधिकारी को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए।

# रिटायर्ड बैंक अधिकारी से ठगी, 23 .50 लाख ऐंठे, केस दर्ज

**बैतूल। जिले में डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है। गंज थाना क्षेत्र में 80 वर्षीय सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी से 23 लाख 50 हजार रुपए की धोखाधड़ी की गई है।**

जिसकी शिकायत पीड़ित ने की है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 318(4), 308 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार बसंत कुमार मैदमवार निवासी विनायक रेसिडेंसी ऑयल मिल के पास बैतूल, जो भारतीय स्टेट



बैंक से हेड कैशियर के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्होंने मंगलवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि ठगी की शुरुआत 27 नवंबर 2025 को हुई, जब बसंत कुमार के मोबाइल पर एक वॉट्सऐप वीडियो कॉल आया। कॉल स्क्रीन पर दिल्ली पुलिस लिखा दिखाई दिया। कॉल करने वाले ने खुद को दिल्ली पुलिस अधिकारी बताया और दावा किया कि पीड़ित के आधार कार्ड से दिल्ली में एक सिम कार्ड जारी किया गया है, जिसका उपयोग ब्लैकमेलिंग और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी गतिविधियों में हुआ है। ठगों ने पीड़ित को यह भी बताया कि उनके खिलाफ दिल्ली क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई है और उन्हें डिजिटल अरेस्ट कर लिया गया है। उन्होंने लगातार कॉल करके बसंत कुमार को मानसिक रूप से डराया और गिरफ्तारी से बचने तथा खातों की जांच के बहाने पैसे ट्रांसफर करने को कहा। डर के कारण, बसंत कुमार ने 1 दिसंबर 2025 को अपने एसबीआई खाते से 13.50 लाख रुपए यस बैंक खाते में और 10 लाख रुपए फिनो बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए। उन्हें इस ठगी का पता तब चला जब वे बैंक में गोल्ड लोन लेने पहुंचे और बैंक प्रबंधक ने उन्हें धोखाधड़ी के बारे में जानकारी दी। इसके बाद, पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने गंज थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सीएमएचओ ने टीकाकरण सत्रों का किया निरीक्षण

**बैतूल।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार हुरमाडे ने 6 जनवरी को ग्राम डहरगांव एवं खेड़ी सांवलीगढ में टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया। टीकाकरण सत्र पर सीएचओ, एएनएम उपस्थित पाई गईं।

सीएमएचओ द्वारा ग्राम में टीकाकरण सत्र के निरीक्षण के दौरान ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस में आई महिलाओं से चर्चा कर ग्राम में मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंणने उपस्थित हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं के लाभ एवं जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य एवं



पोषण पर समझाइश दी। निरीक्षण के दौरान उन्होंषने टीकाकृत बच्चों एवं टीकाकरण पंजी चेक की। ग्राम खेड़ी सांवलीगढ के गांधी वार्ड आंगनवाड़ी केन्द्र में उपस्थित हितग्राहियों द्वारा उनके बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से जांच करने एवं बच्चों को समय पर टीकाकरण किए जाने पर कार्यरत सीएचओ एवं एएनएम की प्रशंसा की। सीएमएचओ ने सीएचओ एवं एएनएम को जनसमुदाय से जुड़कर बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। सीएमएचओ द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खेडी सांवलीगढ का भी निरीक्षण किया गया। उन्होंने समस्त स्टाफ को समय पर अस्पताल में उपस्थित रहकर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। खंड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेहरा को खेडी सांवलीगढ में इसी माह से प्रसव केन्द्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

# बिजली मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली, शेड्यूल जारी

**बैतूल।** बिजली कंपनी द्वारा 7 जनवरी से 13 जनवरी तक अलग-अलग तिथियों में प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केव्ही लाइन का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 जनवरी को 11 केव्ही खंजनपुर फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक खंजनपुर, अर्जुन नगर, टेलिफोन कॉलोनी, विकास नगर, कालापाठा, दुर्गा वार्ड, कत्तलढाना, सुयोग कॉलोनी, सरस्वती स्कूल, डिपो रोड आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसी प्रकार 8 जनवरी को 11 केव्ही ग्रीन सिटी फीडर के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक विनोबा नगर, विवेकानंद वार्ड, भग्गू ढाना, खादी उद्योग के पास, ग्रीन सिटी, माचन नगर, हमलापुर चौक, फॉरेस्ट ट्रेनिंग सेंटर, जज कॉलोनी, मांझी नगर, तिवारी पेट्रोल पंप के पास के क्षेत्र में तथा 9 जनवरी को 11 केव्ही गंज के मेंटेनेंस के चलते प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे तक आबकारी, सिंधी कॉलोनी, देना बैंक, लोहिया वार्ड, तेल टंकी, लक्की सेंटर, कांति शिवा टॉकीज, सेंट्रल बैंक, एसबीआई बैंक, मैकेनिक चौक, अग्रवाल पेट्रोल पंप, बीजेपी कार्यालय, डॉ मूले, गुरुद्वारा रोड, हाथी नाला, डॉ.लश्करे, बीएसएनल ऑफिस, पुलिस क्वार्टर हाउसिंग बोर्ड, गंज महाराष्ट्र बैंक में विद्युत सप्लाई प्रभावित रहेगी।

# जन्म महोत्सव पर आयोजित होगा स्वास्थ्य शिविर

**मुलताई। महान समाज सुधारक और स्वच्छता के प्रणेता संत गाडगे महाराज के जन्मोत्सव पर 23 फरवरी को क्रिश मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा विशाल निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

जिसमें क्षेत्र के अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। शिविर में डॉ. अंकुश भार्गव हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ,डॉ. प्रगति भार्गव दंत रोग विशेषज्ञ,डॉ. अभिलाष कवितकर जनरल फिजिशियन,डॉ. प्रियंका कवितकर स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ शामिल होगे. शिविर का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग



और उन लोगों की मदद करना है जो विशेषज्ञ डॉक्टरों तक नहीं पहुंच पाते। शिविर में आने वाले मरीजों को शुगर, बीपी और अन्य बुनियादी शारीरिक जांचें मुफ्त होंगी।गंभीर रोगों के लिए आगे के उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन दिया जाएगा। अस्पताल प्रबंधन और डॉक्टरों की टीम ने मुलताई शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के नागरिकों से इस अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया है। संत गाडगे बाबा ने सदा मानव सेवा को ही सर्वोपरि माना था, और यह शिविर उन्हीं के आदर्शों को समर्पित है।

# कांग्रेस में मुस्लिम समाज के नेताओं को दी जाएगी तवज्जो

**सारनी।** कांग्रेस पार्टी मे मुस्लिम समाज के नेताओं को तवज्जो दी जायेगी। उपरोक्त उदगार जिला कांग्रेस प्रभारी एवं जून्नारदेव विधायक सुनील उईके ने व्यक्त किए है। श्री उईके ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों को साथ लेकर चलती है.कांग्रेस कमेटी प्रदेश, जिले एवं ब्लॉक स्तर तक सभी जाति धर्म के लोगो पदाधिकारी बनाये है। बैतूल जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष से चर्चा कर मुस्लिम समाज के नेताओं को जिले एवं ब्लॉक स्तर पर पदाधिकारी बनाये की सिफारिश करेंगे। बैतूल जिले मे 12 ब्लॉक अध्यक्ष के पद है और अधिकांश जगहों पर ब्लाक अध्यक्ष नियुक्ति हो चुकी है, जिन ब्लाक में अध्यक्ष की घोषणा नहीं हुई है, उन ब्लाक में मुस्लिम समाज के दावेदार नेताओं एक से दो ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने की बात रखी जायेगी। कांग्रेस पार्टी मे कोई भेदभाव नहीं है। कांग्रेस पार्टी के पदों पर सभी समाज के सक्रिय कांग्रेस नेताओं को योग्यता के आधार पर प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। श्री उईके ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस पार्टी से नाराज मुस्लिम नेताओं से चर्चा कर मामले का निराकरण किया जायेगा.आगामी चुनाव में कांग्रेस पार्टी सभी समाज से तालमेल करके चुनाव लडेगी।

# शांतिकुंज हरिद्वार के लिए रवाना हुए पेंटर देशमुख

**मुलताई।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के आमंत्रण पर गायत्री परिवार मुलताई के मीडिया प्रभारी एवं नगर के कलाकार नारायण देशमुख अपने साथियो के साथ मंगलवार को हरिद्वार रवाना हुए। मीडिया प्रभारी नारायण देशमुख ने बताया शांतिकुंज हरिद्वार के बैरागी द्वीप में माता भगवती देवी शर्मा एवं अखंड दीप की जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त विशाल प्रबुद्ध वर्ग एवं संगठन के कार्यकर्ताओं की गोष्ठी एवं मार्गदर्शन कार्यशाला 21 से ,24 जनवरी 2026 को सम्पन्न होगी जिसमें देश भर के करीब 30



हजार कार्यकर्ता भाई बहनों की उपस्थिति होगी और इस विशाल कार्यशाला में शांतिकुंज हरिद्वार के वरिष्ठ परिजनों सहित देव संस्कृति विश्व विद्यालय हरिद्वार के कुलाधिपति डॉ चिन्मय पंड्या जी का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा एवं पांच वर्षीय कार्य योजना तैयार की जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा मुलताई के कलाकार को बुलाए जाने पर,इस विशाल कार्यक्रम में मंच सज्जा एवं रंगोली डालने से लेकर अन्य कार्यों में सहयोग के लिए मुलताई के मल्टी आर्टिस्ट नारायण देशमुख के साथ उनके सहयोगी वीरचंद बरोदे,सुरेन्द्र हिंगवे आदि कार्यकर्ता समयदान करने हरिद्वार दक्षिण एक्सप्रेस से रवाना हुए। जिन्हे गायत्री परिवार के जिला संयोजक गुलाब राव चिल्हाटे,श्यामराव बारस्कर, अनिल परिहार, मनोज पाटणकर रामदास देशमुख, घनश्याम साहू, मानिक राव देशमुख आदि ने शुभकामनाए दी है।

# दो दिनों तक चला जलीय पक्षियों का सर्वेक्षण, मिले कई दुर्लभ पक्षी

**सारनी।** एशियन वॉटर बर्ड सेंसस मध्यप्रदेश द्वारा वन विभाग की मदद से जलीय पक्षियों का सर्वेक्षण किया गया। सारनी, भौंरा, शाहपुर, बैतूल रेंज की नदी, तालाब और जलाशय के आसपास दो दिनों तक पक्षियों का सर्वेक्षण चला। बैतूल के कोसमी डेम, थानी तालाब, शाहपुर के निशान, भौंरा के कोयलारी, कोठा डेम, मुढ़ा कुप्पा, पहावाड़ी, सतपुड़ा डेम, राख बांध राजडोह नदी, रानीपुर डेम और आसपास रेड क्रिस्टेड पोचर्ड, गढवाल, रेड ऐवाडेट, रोसी स्टारलिंग, रिवर लेपविंग, ब्लैक हेडेड बंटिंग, रेड हेडेड बंटिंग, रड्डी शेल डक, बरोन्ज



टेल्ड, जेकाना, फिसनटेल्ड जेकाना समेत कई जलीय पक्षी मिले हैं। जलीय पक्षियों के संरक्षण और उनकी निगरानी के लिए एशियन वॉटर बर्ड सेंसस मध्यप्रदेश द्वारा दो दिवसीय सर्वेक्षण कराया गया है। इसके लिए वन विभाग द्वारा विधिवत नोडल अधिकारी नियुक्त किए थे। 3 और 4 जनवरी को स्वयंसेवकों को साथ लेकर ट्रेनी आईएफएस, सभी रेंज के अफसर, वन कर्मी सर्वे में जुटे रहे। दो दिनों तक चले पक्षियों के सर्वेक्षण में कई दुर्लभ पक्षी मिले हैं। जिन्हें वन विभाग द्वारा चिन्हित किए जा रहे हैं। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए कार्य करने वाली संस्था सतपुड़ा बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन सोसायटी सारनी के अध्यक्ष आदिल खान ने बताया स्वयंसेवक के रूप में सर्वेक्षण में शामिल रहे और वन विभाग के कर्मचारियों को जलीय पक्षियों की पहचान करने व इबर्ड एप में कैसे जानकारी जमा करनी है इसकी जानकारी दी। सर्वेक्षण टीम में नोडल ऑफिसर के रूप में ट्रेनी आईएफएस एस निवेदन, सभी रेंज के रेंजर और स्टाफ भी सर्वे के दौरान शामिल रहे। खास बात यह रही कि पक्षियों की जानकारी इ-बर्ड एप के माध्यम से आदिल ने जमा की।

**सुनवाई** | **13 जनवरी तक रोजाना चलेगी सुनवाई**

# नगरपालिका सीएमओ रोजाना कर रहे मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई

**सारनी।** नपा सीएमओ सीके मेश्राम मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई कर रहे है.नगर पालिका परिषद कार्यालय में अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष की गई। यह सुनवाई आगामी 13 जनवरी तक चलेगी ।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र सूर्यवंशी के निर्देशन, निर्वाचक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी आमला विधानसभा 130 शैलेंद्र बडोनिया के मार्गदर्शन में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न क्षेत्रों में सर्वे उपरांत मतदाताओं की मैपिंग की गई थी। दस्तावेजों के अभाव में



कई मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी। ऐसे नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई हेतु नगर पालिका कार्यालय में विशेष व्यवस्था की गई। अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सीके मेश्राम ने सोमवार 5 जनवरी 2026 को नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई की। तय कार्यक्रम अनुसार आगामी 13 जनवरी तक प्रतिदिन 50 नो मैपिंग मतदाताओं की सुनवाई किया जाना है। इस दौरान निर्वाचन सुपरवाईजर नरेंद्र सूर्यवंशी, आरके मरकाम,आरएस सतवंशी, सद्दम अंसारी, प्रवीण आम्रवंशी उपस्थित रहे ।अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया ऐसे मतदाता जो नो मैपिंग की श्रेणी में आते हैं वे निर्धारित तिथि में कार्यालय नगर पालिका परिषद सारनी में उपस्थित होकर निम्नानुसार श्रेणियों के आधार पर दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके तहत मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 के पहले भारत में हुआ हो तो उन्हें जन्म तिथि, स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज देना होगा। यदि मतदाता का जन्म 1 जुलाई 1987 और 2 दिसंबर 2004 के बीच भारत में हुआ हो तो उन्हें जन्म तिथि, स्थान को प्रमाणित करने वाला कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा।

### इन दस्तावेज के साथ उपस्थित होना अनिवार्य

किसी केंद्रीय, राज्य सरकार, पीएसयू के नियमित कर्मचारी, पेंशनभोगी को जारी कोई पहचानपत्र, अथवा पेंशन संदाय आदेश। भारत में 01 जुलाई 1987 से पूर्व सरकार, स्थानीय प्राधिकारियों, बैंकों, डाकघर, एलआईसी, पीएसयू द्वारा जारी कोई पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, दस्जावेज, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, मान्यता प्राप्त बोर्ड, विश्वविद्यालयों द्वारा जारी मैट्रिक, वन अधिकार प्रमाण पत्र, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अ.पि.व/अनु. जाति./अनु. जन जाति या अन्य कोई जाति प्रमाण पत्र, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, राज्य/स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा तैयार किया गया परिवार रजिस्टर, सरकार द्वारा कोई भी भूमि के तहत जारी निर्देश लागू होंगे।

# राघौगढ़ में फिल्म जंगल सत्याग्रह का प्रदर्शन

**बैतूल।** जिले के आदिवासियों के ऐतिहासिक संघर्ष, बलिदान और जल-जंगल-ज़मीन की रक्षा की लड़ाई पर आधारित क्रांतिकारी फिल्म जंगल सत्याग्रह का विशेष प्रदर्शन मंगलवार को राघौगढ़ में गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की प्रेरणा से यह आयोजन आदिवासी अधिकारों और संघर्ष की आवाज़ को नई मजबूती देने का माध्यम बना। विशेष प्रदर्शन में राघौगढ़-बमौरी-चाचौड़ा क्षेत्र के बड़ी संख्या में आदिवासी भाई-बहन, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे। दर्शकों ने फिल्म के माध्यम से अपने इतिहास और संघर्ष से गहरा भावनात्मक जुड़ाव महसूस किया।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक / लो.नि.शा./ई./55 | बैतूल दिनांक 06/01/2026

**//ई-टेन्डर आमंत्रण सूचना//**
**(द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना)**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन निविदा क्र. | कार्य/सामग्री का विवरण | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _472816_1 | Supply of Electrical Material Municipal Council at Betul | 1-60 Days 2- 1000000/- | 1- 2000/- 2- 10000/- | 13/01/2026 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in/nicgep/app की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद बैतूल**